# बी.पी.एस.सी.

# 63वीं मुख्य परीक्षा

# ( सामान्य अध्ययन-I )

# B.P.S.C 63rd Mains Exam

# (General Studies-I)

**2018**

**(General Studies/सामान्य अध्ययन)**

**(Paper-I/पत्र-I)**

**Instructions:**

- *The figure in the margin indicate full marks.*
- *Answer eight question, selecting three each from section-I and Section-II and two from Section-III*
- *Candidates are required to give their answers in their own owrds as far as practicable.*
- *All questions have been printed both in Hindi and English. In case of any ambiguity in Hindi version, the English version shall be condidered authentic.*
- *Parts of the same question must be answered together and must not be interposed between answers to other question.*

**निर्देश:**

- *उपान्त के अंक पूर्णांक के द्योतक हैं।*
- *खंड-I एवं खंड-II प्रत्येक में से तीन-तीन प्रश्न तथा खंड-III से दो प्रश्नों का चयन करते हुए कुल आठ प्रश्नों के उत्तर दें।*
- *परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।*
- *सभी प्रश्न हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषा में छपे हैं। यदि हिन्दी भाषा में कोई संदेह है, तो अंग्रेजी भाषा को ही प्रामाणिक माना जाएगा।*
- *एक ही प्रश्न के विभिन्न खंडों के उत्तर अनिवार्य रूप से एक साथ ही लिखे जाएँ तथा उनके बीच में अन्य प्रश्नों के उत्तर न लिखे जाएँ।*

## खंड-I/Section-I

1. Describe the significance of Gandhiji's social and cultural thoughts. 38
गाँधीजी के सामाजिक एवं सांस्कृतिक विचारों की महत्ता का वर्णन कीजिये।

2. Discuss the development of western education in Bihar from 1857 AD to 1947 AD. 38
बिहार में सन् 1857 से सन् 1947 तक पाश्चात्य शिक्षा के विकास की विवेचना कीजिये।

3. Discuss the contribution of Bihar to the Uprising of 1857 AD. 38
सन् 1857 के विद्रोह में बिहार के योगदान की विवेचना कीजिये।

4. Evaluate the causes and results of Revolt of Santhal (1855-56) in Bihar. 38
बिहार में संथाल विद्रोह (1855-56) के कारणों एवं परिणामों का मूल्यांकन कीजिये।

5. Discuss the causes and results of Champaran Satyagraha in Bihar (1917). 38
बिहार में चंपारण सत्याग्रह (1917) के कारणों एवं परिणामों का वर्णन कीजिये।

6. Examine the salient features of Patna Kalam Painting Style. 38
पटना कलाम चित्रकला शैली की मुख्य विशेषताओं का परीक्षण कीजिये।

## खंड-II/Section-II

7. Explain the BIMSTEC organization. Throw light on the outcomes of recently concluded Kathmandu Smmit of BIMSTEC countries. Discuss the issues related to India's interests, hopes and grievances. 38
बिम्सटेक संगठन को स्पष्ट कीजिये। बिम्सटेक देशों के संगठन की हाल में हुए काठमांडू सम्मेलन के परिणामों पर प्रकाश डालिये। भारत के हित, आशाएँ एवं अपेक्षाओं से संबंधित विषयों की विवेचना कीजिये।

8. Critically examine the Rohingya Refugee Crisis. Describe the role of Myanmar, China, India and Bangladesh in evolution and resolution of the crisis. Throw light on the viloation of Human Rights in context to Rohingya Refugees. 38
रोहिंग्या शरणार्थी संकट की आलोचनात्मक विवेचना कीजिये। इस संकट की उत्पत्ति एवं समाधान में म्यांमार, चीन, भारत एवं बांग्लादेश की भूमिका का वर्णन कीजिये। रोहिंग्या शरणार्थियों के संदर्भ में मानवाधिकारों के हनन पर प्रकाश डालिये।

9. What is the two plus two dialogue? Clear the two plus two dialogue between India and the USA in context to India and Iran bilateral relations. 38
टू प्लस टू वार्ता क्या है? भारत एवं ईरान के द्विपक्षीय संबंधों के संदर्भ में भारत एवं अमेरिका के बीच हुई टू प्लस टू वार्ता को स्पष्ट कीजिये।

10. What do you know about NRC dispute? Illuminate the political intentions behind it. Discuss the international impacts of this issue also. 38


एन.आर.सी. विवाद से आप क्या समझते हैं? इस विवाद में निहित राजनीतिक मंशाओं को स्पष्ट कीजिये। इस मुद्दे के अंतर्राष्ट्रीय प्रभावों की भी विवेचना कीजिये।

11. Elucidate the international terrorism. How is the international community today trying to fight the menace of international terrorism? What is UNO's contribution? 38

अंतर्राष्ट्रीय आतंकवाद को स्पष्ट कीजिये। आज अंतर्राष्ट्रीय समुदाय किस प्रकार अंतर्राष्ट्रीय आतंकवाद के खतरे की समाप्ति के लिये प्रयास कर रहा है। संयुक्त राष्ट्र संघ का क्या योगदान है?

## खंड-III/Section-III

12. In a city of Maharashtra, the main mode of transport is the car. The following chart shows the population trends and car use trends during the period 2011-2016. Study the chart and answer the questions that follow: 38




(a) In 2014, if the females used 30% of the total cars, them what is the per capita use of cars by females in 2014? 6

(b) What is the average percentage increase in number of cars over the period 2011-2016? 6


(c) Find the year in which the ratio of males to that of females was the highest. 6

(d) If in 2012, 60% of cars are used by males, then what is the percentage of males and females who used car in the year 2012? 6

(e) In which year the ratio of male population to the number of cars int he city was lowest? 6

(f) With what percentage, the number of cars in the city was increased from 2011 to 2016?

महाराष्ट्र के एक शहर में यातायात का मुख्य साधन कार है। नीचे दिये गए लेखाचित्र में जनसंख्या वृत्ति तथा कार प्रयोग करने की वृत्ति को अवधि 2011 से 2016 तक के लिये दर्शाया गया है। लेखाचित्र का अध्ययन कीजिये तथा उसके नीचे दिये गए प्रश्नों के उत्तर दीजिये:



(क) 2014 में यदि कुल कारों का 30% प्रयोग महिलाओं ने किया, तो प्रति महिला कितनी कारों का प्रयोग 2014 में हुआ?

(ख) अवधि 2011 से 2016 के लिये कारों की संख्या में औसत प्रतिशत वृद्धि ज्ञात कीजिये।


(ग) उस वर्ष को ज्ञात कीजिये, जिस वर्ष पुरुषों तथा महिलाओं का अनुपात सबसे अधिक था।

(घ) यदि 2012 में 60% कारें पुरुषों द्वारा उपयोग की गई, तो 2012 में कार प्रयोग करने वाले पुरुषों और महिलाओं का प्रतिशत क्या है?

(ङ) किस वर्ष में पुरुष जनसंख्या तथा शहर में कारों की संख्या का अनुपात न्यूनतम था?

(च) 2011 से 2016 तक शहर में कारों की संख्या में कितने प्रतिशत की वृद्धि हुई?

13. Study the following pie charts, which show the expenditure on various heads in the second and third Five-Year Plans (FYP) and answer the questions given below it:




(a) By what percent, the expenditure in irrigation increased in the third FYP in comparison to the second FYP? 6

(b) What is the ratio of expenditures in village industry in the second and third FYPs? 6


(c) By what amount, the expenditure in agriculture in the third FYP should have been increased or decreased so that to make it 2.5 times the expenditure in agriculture in the second FYP? 6

(d) By what percent, the expenditure in agriculture in the third FYP is higher or lower than the expenditure in industry and mining in the second FYP? 6

(e) By what amount, the expenditure in transportation and communication increased or decreased in the third FYP in comparison in second FYP? 6

(f) If the total expenditure in the fourth FYP is increased by 80% to that of the third FYP and the segment of expenditure on social service and miscellaneous makes an angle of 78º at the centre of pie chart for the fourth FYP, then what will be the expenditure in social service and miscellaneous in the fourth FYP?

नीचे दिये गए पाई रेखाचित्रों का अध्ययन कीजिये, जिसमें द्वितीय एवं तृतीय पंचवर्षीय योजनाओं में विभिन्न मदों में व्यय दिखाया गया है तथा उन प्रश्नों के उत्तर दीजिये, जो इनके नीचे दिये गए हैं:



(क) द्वितीय पंचवर्षीय योजना की तुलना में तृतीय पंचवर्षीय योजना में सिंचाई में व्यय में कितने प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई?

(ख) ग्राम्य उद्योग में द्वितीय एवं तृतीय पंचवर्षीय योजनाओं में हुए व्यय का अनुपात क्या है?


(ग) तृतीय पंचवर्षीय योजना में कृषि में होने वाले व्यय में किस राशि की वृद्धि अथवा कमी की जाती कि यह द्वितीय पंचवर्षीय योजना में कृषि में होने वाले व्यय का 2.5 गुना हो जाता?

(घ) द्वितीय पंचवर्षीय योजना में उद्योग एवं खनन में हुए व्यय की तुलना में पंचवर्षीय योजना में कृषि में हुआ व्यय कितने प्रतिशत अधिक अथवा कम है?

(ङ) द्वितीय पंचवर्षीय योजना की तुलना में तृतीय पंचवर्षीय योजना में यातायात एवं दूरसंचार में कितना अधिक कम व्यय हुआ?

(च) यदि चतुर्थ पंचवर्षीय योजना में कुल व्यय तृतीय पंचवर्षीय योजना की तुलना में 80% बढ़ जाए तथा चतुर्थ पंचवर्षीय योजना के पाई रेखाचित्र में सामाजिक कार्य एवं अन्य का खंड केंद्र में 78° का कोण बनाए, तो चतुर्थ पंचवर्षीय योजना में सामाजिक कार्य एवं अन्य में कितना व्यय होगा?

14. Study the data given in the following multiple bar chart, which shows the sex ratio in Madhya Pradesh during the period from 1901 to 1971 and answer the questions given below it: 38




(a) What are the ratios of femaels per 1000 males in rural and urban areas of Madhya Pradesh in 1941 and 1951 Census? In which year was it higher? 6

(b) What is the percentage change in females per 1000 males in urban areas of Madhya Pradesh in 1961 in comparison to 1931? 6


(c) Compare the ratio of females per 1000 males in total and rural areas of Madhya Pradesh in 1911 and 1921 Census. In which year was it higher? 6

(d) In which census years, were the female sex ratio in urban areas of Madhya Pradesh highest and lowest? What is the difference between these two? 6

(e) If in 1931 Census, due to some error in counting 15 females per 100 males were wrongly counted in urban area instead of rural area of Madhya Pradesh, then what should have been the actual percentage of females per 1000 males in urban area of Madhya Pradesh to that of rural area in 1931? 6

(f) If in 1971 Census, there were 90 crore males in rural areas of Madhya Pradesh, then what is the difference between male and female population in rural areas of Madhya Pradesh in 1971?

नीचे दिये गए बहुशलाका लेखाचित्र के आँकड़ों का अध्ययन कीजिये, जिसमें मध्य प्रदेश में लिंगानुपात को अवधि 1901 से 1971 तक दर्शाया गया है तथा उन प्रश्नों के उत्तर दीजिये, जो इसके नीचे दिये गए हैं:




(क) 1941 तथा 1951 की जनगणना में मध्य प्रदेश के ग्रामीण तथा शहरी इलाकों में प्रति 1000 पुरुषों में महिलाओं के अनुपात क्या हैं? किस वर्ष में यह अधिक था?

(ख) 1931 की तुलना में 1961 में मध्य प्रदेश के शहरी इलाकों में प्रति 1000 पुरुषों में महिलाओं में कितने प्रतिशत का परिवर्तन हुआ?


(ग) 1911 तथा 1921 की जनगणना में मध्य प्रदेश के कुल तथा ग्रामीण इलाकों में प्रति 1000 पुरुषों में महिलाओं के अनुपतों की तुलना कीजिये। किस वर्ष में यह अधिक था?

(घ) किन जनगणना वर्षों में मध्य प्रदेश के शहरी इलाकों में महिला लिंगानुपात अधिकतम एवं न्यूनतम थे? इन दोनों के मध्य अंतर कितना है?

(ङ) यदि 1931 की जनगणना में गणन में किसी त्रुटि के कारण 15 महिलाएँ प्रति 1000 पुरुष गलती से मध्य प्रदेश के ग्रामीण इलाकों के बदले शहरी इलाकों में गिन ली गई हो, तो 1931 में मध्य प्रदेश के शहरी इलाकों में प्रति 1000 पुरुषों में महिलाओं का ग्रामीण इलाकों में वास्तविक प्रतिशत कितना होता?

(च) यदि 1971 की जनगणना में मध्य प्रदेश के ग्रामीण इलाकों में 90 करोड़ पुरुष थे, तो 1971 में मध्य प्रदेश के ग्रामीण इलाकों में पुरुष तथा महिला जनसंख्या के बीच अंतर क्या था?

15. Study the following line graph, which gives the Public Sector Banks advance (₹ in crores) to the three priority sectors, viz., agriculture, small-scale industries and other private sectors during the period from 1970 to 1976 and answer the questions that follow: 38



(a) What percentage of more advance was given by the public sector banks to small-scale industries in comparison to agriculture in 1971? 6

(b) Find the ratio of advance given by the public sector banks to agriculture, small-scale industreis and other private sectors in 1972. 6


(c) The total advance counted yearly from 1970 to 1976 by the public sector banks to small-scale industries is what percentage of that to agriculture? 6

(d) If 40% of advance given to small-scale industries is utilized in cottage industry, what amount was utilized in cottage industry in 1975? 6

(e) Find the ratio of advances given by the public sector banks at three occasions between 1970 to 1976, when it was equal for agriculture and small-scale industures. 6

(f) In which two years there was decrease in advance given by public sector banks to agriculture relatives to the last year? Also find the percentage decrease in advance in these two years. 6

नीचे दिए हुए रेखा-आलेख का अध्ययन कीजिये, जिसमें सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों द्वारा प्राथमिकता के तीन क्षेत्रों कृषि, लघु-स्तरीय उद्योग तथा अन्य निजी क्षेत्रों में अवधि 1970 से 1976 तक दी गई अग्रिम राशि (₹ करोड़ में) दी गई है तथा उन प्रश्नों के उत्तर दीजिये, जो इसके नीचे दिये गए हैं:




(क) 1971 में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों द्वारा लघु-स्तरीय उद्योगों को कृषि की तुलना में कितने प्रतिशत अधिक अग्रिम प्रदान किया गया?

(ख) 1972 में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों द्वारा कृषि, लघु-स्तरीय उद्योगों तथा अन्य निजी क्षेत्रों को दिये गए अग्रिम का अनुपात निकालिये।

(ग) वर्षानुगत गणना करने पर 1970 से 1976 तक सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के द्वारा लघु-स्तरीय उद्योगों को दिया गया कुल अग्रिम कृषि को दिये गए कुल अग्रिम का कितना प्रतिशत है?

(घ) यदि लघु-स्तरीय उद्योगों को दिये गए अग्रिम का 40% कुटीर उद्योग में उपयोग होता है, तो 1975 में कुटीर उद्योग में कितनी राशि उपयोग हुई?

(ङ) 1970 से 1976 के मध्य सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों द्वारा दिये गए उन तीन अग्रिमों का अनुपात ज्ञात कीजिये, जबकि कृषि तथा लघु-स्तरीय उद्योगों को दिये गए अग्रिम समान थे।

(च) किन दो वर्षों में पिछले वर्ष की तुलना में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों द्वारा कृषि को दिये गए अग्रिम में कमी आई? इन दो वर्षों के लिये अग्रिम में हुई प्रतिशत कमी को भी प्राप्त कीजिये।